षोडश बिहार विधान सभा

पंचदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-04 वृहस्पतिवार, दिनांक-27 फरवरी, 2020 ई० ।

माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.25 बजे पूर्वाह्न तक ।

[1] प्रश्नकाल :-

(i) 02 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

माननीय सदस्य श्री भोला यादव के अल्पसूचित प्रश्न के उत्तर के क्रम में आसन द्वारा सदन को अवगत कराया गया कि इसी सदन में माननीय मुख्यमंत्री ने स्वयं इस बात की घोषणा की है कि अतिक्रमण मुक्त करने के क्रम में जिन जल-स्रोतों, तालाब या जो नाले हैं उसपर जो अतिक्रमण है, उसको हम हटाएंगे लेकिन उसके साथ उन्होंने परसों अपने वक्तव्य में कहा है कि उसमें जो गरीब, भूमिहीन या उस किस्म के लोग हैं, उनको हटाने से पहले उनके पुनर्वास की भी व्यवस्था कर ली जाएगी । यह स्पष्ट सदन में घोषित सरकार की नीति है । अगर माननीय सदस्यों के इलाके में या जानकारी में कोई ऐसी सूचना है जहां अतिक्रमण है वहां खाली नहीं हो रहा है, या फिर कहीं अगर गरीबों को उजाड़ा गया है जिनको पुनर्वासित नहीं किया गया है तो इन दोनों प्रकार की सूचनाओं में किसी प्रकार की सूचना माननीय सदस्य के पास हो तो वे सरकार को दे दें, सरकार को निश्चित रूप से कार्रवाई करनी चाहिए ।

अल्पसूचित प्रश्न संख्या-06 के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के माननीय सदस्यगण शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से अनुरोध किया गया कि वे अपने-अपने स्थान पर जाकर अपनी बातों को कहें ।

किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही 12:00 बजे मध्याह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

स्थगनोपरांत

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

12:00 बजे मध्याह्न से 12:15 अपराह्न तक

[2] अन्य चर्चा (जातिगत आधार पर जनगणना संबंधी प्रस्ताव) :-

आसन द्वारा सदन को स्मारित कराया गया कि 25 फरवरी, 2020 को इस सदन में जब कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना पर विमर्श चल रहा था उस समय माननीय मुख्यमंत्री जी का प्रस्ताव आया था और सभी दल के नेताओं ने अपनी सहमति प्रकट की थी कि जो प्रस्तावित 2021 की जनगणना प्रारंभ होने वाली है वह जातिगत आधार पर हो, इसके संबंध में इसी सदन में पूर्व में भी एक प्रस्ताव लिया जा चुका है । अब यह होने वाली है इसलिए अभी उपयुक्त समय है और मैंने उस दिन नियमन दिया था कि इसके उपयुक्त समय पर विधिवत प्रस्ताव लाकर हमलोग इसपर सदन की सहमति लेंगे । सदन की उक्त भावना को देखते हुए आसन द्वारा यह प्रस्ताव सदन के समक्ष रखा गया :-

'' प्रस्तावित जनगणना, 2021 जातिगत आधार पर हो''

यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से सदन से स्वीकृत हुआ ।

[3] शून्यकाल :-

माननीय सदस्य श्री ललित कुमार यादव द्वारा अल्पसूचित प्रश्न संख्या-06 के उत्तर असहमति का मामला उठाया गया जिसपर आसन द्वारा कहा गया कि ''अल्पसूचित प्रश्न संख्या-06 का जबाव चल रहा था इस बीच माननीय मंत्री के जबाव से आप लोग असंतुष्ट होकर वेल में आ गए थे तो उस क्रम में मेरा निवेदन है कि चाहे प्रश्न हो या पूरक माननीय मंत्रीगण भी अगर जबाव देंगे और प्रश्न के विषय वस्तु पर केन्द्रित रहेंगे तो किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं होगी, किसी को दुख भी नहीं होगा । मंत्री का कार्य भी तभी होगा जब उनके जबाव से माननीय सदस्य, पुरककर्त्ता संतुष्ट होंगे । अव्यवस्था से ना तो सरकार का काम ना ही माननीय सदस्यों का काम होता है । हमारा संपूर्ण सदन से यही अनुरोध होगा कि आने वाले समय में चाहे मंत्रीगण जबाव दें तो हमेशा प्रश्न के विषय वस्तु तक ही केन्द्रित रहें । विवादास्पद या विरोधाभाषी बातों की तरफ अगर हम जाते हैं तो अनावश्यक विवाद होता है, सदन का भी समय ज़ाया होता है । कोई भी उस तरह के विवाद जिससे उत्तेजना हो, अमर्यादित बात है ।

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ द्वारा राज्य की समस्या की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया ।

इस दौरान विपक्ष के माननीय सदस्यगण अपनी विभिन्न मांगों को लेकर शोरगुल करते हुए वेल में आ गए ।

आसन द्वारा विपक्ष के माननीय सदस्यों से बार-बार अनुरोध किया गया कि वे अपने-अपने स्थान पर जा कर बारी बारी से अपनी बातों को कहें ।

किन्तु सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की कार्यवाही भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

भोजनावकाश के बाद

(02.00 बजे अपराह्न से 04.02 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[4] वित्तीय कार्य :-

माननीय मंत्री, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा वित्तीय वर्ष-2019-20 के आय व्ययक से संबंधित तृतीय अनुपूरक व्यय विवरणी को सदन में उपस्थापित किया गया ।

वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय व्ययक पर सामान्य विमर्श में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री मो० नवाज आलम
(इस अवसर पर माननीय अध्याशी सदस्य, श्री मो० नेमतुल्लाह ने आसन ग्रहण किया)

(ii) श्री मेवालाल चौधरी
(iii) श्री नितीन नवीन
(iv) श्री आनन्द शंकर सिंह
(v) श्री प्रह्लाद यादव
(vi) श्री रत्नेश सादा
(vii) श्री सुदामा प्रसाद
(viii) श्री प्रह्लाद यादव
(ix) श्री राजू तिवारी
(x) श्री संजीव चौरसिया
(xi) श्री रामदेव राय
(xii) श्री राजेन्द्र कुमार

तत्पश्चात् आसन से घोषणा की गई कि वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय व्ययक पर सामान्य विमर्श कल दिनांक-28.02.2020 को भी जारी रहेगा ।

[5] निवेदन :-

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 23 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक शुक्रवार, दिनांक-28 फरवरी, 2020 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-27.02.2020

बटेश्वर नाथ पाण्डेय
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।